कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी

पत्रांक 1970 / का0ख0-2 / 109 दिनांक 12/11/2026

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
अमेठी।

विषयः–समाचार पत्र में प्रकाशित दारानगर एवं सेवरा ग्रामीण पेयजल योजना के द्वितीय पम्प हाउस में चोरी की घटना एवं पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "टंकी का मॉनीटर खोल ले गए चोर, कार्यवाही की मांग" के सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि उक्त प्रकरण दारानगर एवं सेवरा ग्रामीण पेयजल योजना के द्वितीय पम्प हाउस का है, जहाँ अज्ञात चोरों द्वारा पम्प हाउस में स्थापित वी0एफ0डी0 (VFD) की चोरी कर ली गयी है।

उक्त घटना के सम्बन्ध में सम्बन्धित पम्प ऑपरेटर द्वारा थाना शुकुल बाजार में प्राथमिकी (FIR) दर्ज करा दी गयी है, जिस पर पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा प्रकरण निस्तारण की प्रक्रिया में है।

वर्तमान में उक्त ग्रामीण पेयजल योजना के प्रथम पम्प हाउस से नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। द्वितीय पम्प हाउस में स्थापित वी0एफ0डी0 (VFD) की मरम्मत का कार्य शीघ्र कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। मरम्मत कार्य पूर्ण होते ही दोनों पम्प हाउसों से पूर्व की भाँति पेयजल आपूर्ति पुनः सुचारू रूप से प्रारम्भ करा दी जायेगी।

अतः उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

A Tripathi

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

1. **अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या(कैम्प–बाराबंकी) को सादर सूचनार्थ।**
2. **जिलाधिकारी महोदय, अमेठी को सादर सूचनार्थ।**
3. **मुख्य विकास अधिकारी महोदया, अमेठी को सादर सूचनार्थ।**
4. **सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।**

अधिशासी अभियन्ता

टंकी का मानीटर खोल ले गए चोर, कार्रवाई की मांग

बाजारशुकुल (अमेठी) : सेवरा ग्राम पंचायत में बनी पानी की टंकी पर लगी बीएफडी मानीटर चोर खोल ले गए, जिससे जलापूर्ति बाधित हो गई है। सोमवार रात चोरों ने टंकी पर बने कमरे का ताला तोड़ डाला और अंदर घुस गए। जहां सोलर संयत्र चलाने के लिए हजारों रुपये कीमत का लगा इलेक्ट्रानिक यंत्र खोल ले गए। इसकी कीमत 70 से 80 हजार रुपये बतायी जा रही है। इसकी शिकायत टंकी पर जलापूर्ति करने वाले आपरेटर आलम हुसैन ने तहरीर देकर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। हालांकि पुलिस ने अभी तक चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। (सप्र)